प्रकृति एवं पर्यावरण को बचाना है तो सादगी भरे जीवन के साथ पेड़ों की ओर लौटना होगा : सीबीईओ खोखर

कुचामनसिटी (सीमा सन्देश सं)। मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन सिटी में अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस अनूठे संदेश के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुचामन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर लाल खोखर रहे वहीं अध्यक्षता प्रधानाचार्या मंजू चौधरी ने की। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में ओजोन परत के विघटन के कारणों , विघटन से होने वाले होने वाले दुष्प्रभाव एवं इससे बचने के उपायों पर मॉडल, चार्ट तथा पोस्टरों की एक प्रदर्शनी लगाई।

ओजोन होल का निर्माण एवं इसको किस तरह से काम किया जाए विषय पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इको क्लब वॉलिंटियर्स ने ओजोन परत के साथ सूर्य ,पृथ्वी, अग्नि ,जल एवं आकाश के संबंधों को दशार्ते हुए शानदार मॉडल बनाया। सीबीईओ भंवर लाल खोखर ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों द्वारा लोगों को ओजोन परत विघटन के प्रति जागरूक करने के लिए किए गए प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की। खोखर ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि आज मानव पढ़ लिखकर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है मगर आधुनिकीकरण की दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति और पर्यावरण से जाने और अनजाने में इतना बड़ा खिलवाड़ कर दिया है कि आज ग्लोबल वार्मिंग, सूखा, बाढ़ जैसी भयानक पर्यावरणीय समस्याएं मनुष्य के सामने पैदा हो गई है और ऐसी ही एक सबसे बड़ी समस्या है ओजोन परत का विघटन। खोखर ने बताया कि हम भौतिकतावादी इस युग में जो रेफ्रिजरेटर्स ,फ्रिज आदि का बिना सोचे समझे प्रयोग कर रहे हैं उनसे निकलने वाली जहरीली गैस क्लोरोफ्लोरोकार्बन ओजोन परत का निरंतर विघटन कर रही है, जिससे सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणें सीधी धरातल तक पहुंचेगी और न केवल मनुष्य अपितु वनस्पति तक को प्रभावित करेगी । अतः हम सबको भौतिकतावादी जीवन को छोड़कर सादगी पूर्ण जीवन जीना चाहिए ताकि हम प्रकृति और पर्यावरण के साथ संतुलन बनाए रख सके और इसका मात्र एक उपाय है हमें पेड़ों की ओर लौटना पड़ेगा। प्रधानाचार्य मंजू चौधरी ने ओजोन परत संरक्षण के प्रति छात्रों के कर्तव्यों की ओर ध्यान खींचा तथा कहा कि हमें निरंतर वृक्षारोपण करना है, प्लास्टिक के प्रयोग से बचाना है तथा हर संभव प्रदूषण को कम करना है। चौधरी ने कहा कि मेरा

इको क्लब एवं विद्यालय परिवार लगातार पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक है एवं वृक्षारोपण करते हुए निरंतर अपने दायित्वों का पालन कर रहा है। इको क्लब प्रभारी डॉक्टर भंवर लाल गुगड़ ने बताया कि 1984 में जब अंटार्कटिका महाद्वीप पर ओजोन परत में हॉल की घटना वैज्ञानिकों के सामने आई, तब से वैज्ञानिकों ओजोन परत के पुनः संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहें हैं।

पहला प्रयास 16 सितंबर 1987 को कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर में किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ के 180 देशों ने क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हेलोन ,मिथाइल ब्रोमाइड, नाइट्रिक ऑक्साइड जैसी गैसें जो ओजोन परत को नुकसान पहुंचा रही है का उपयोग कम करने की बात पर जोर दिया तथा लोगों में इन रसायनों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता लाने के लिए 16 सितंबर 1994 से लगातार विश्व ओजोन दिवस मनाने की परंपरा शुरू की गई। गुगड़ ने कहा कि यदि ओजोन परत इसी तरह से क्षीण होती गई तो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणें मनुष्य में त्वचा संबंधी रोग ,कैंसर, मोतियाबिंद, जलीय पादपों को प्रभावित करने के साथ-साथ प्रकाश संश्लेषण की दर को कम कर देगी जिससे फसलों की उत्पादन दर घट जाएगी। अतः हम सब का दायित्व है कि जहां तक संभव हो हम फ्रिज ,रेफ्रिजरेटर आदि से बचें यदि प्रयोग में लेते भी हैं तो क्लोरोफ्लोरोकार्बन रहित लेबल लगा हुए रेफ्रिजरेटर का उपयोग करें। गुगड़ ने कहा कि हमें सिंगल उसे प्लास्टिक को ना कहना है, साथ ही 3फ रीसाइकिल, रीयूज एवं रिफ्यूज के फामूर्ले को जीवन में अपनाना होगा ताकि प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण से बचा जा सके।

विज्ञान प्रभारी गोपाल गांधी ने बताया कि हम कीटनाशकों के तौर पर जो मिथाइल ब्रोमाइड जैसे रसायनों प्रयोग कर रहे हैं उनके स्थान पर जैविक कीटनाशक ट्राइकोडर्मा हर्जियनम आदि का प्रयोग करना है। हमें जैविक खादों का प्रयोग करना चाहिए, जिससे विषाक्त रसायनों से बचा जा सके। पर्यावरण प्रेमी मनोज भारद्वाज ने साल में काम से कम 10 दिन प्रकृति के साथ गुजरने की अपील छात्रों से की ताकि वह प्रकृति के रहस्यों को जान सकें ।इस अवसर पर व्याख्याता हकीम अली खान ने मिट्टी के बर्तन खरीद कर जीवन में प्लास्टिक एवं धातु के बर्तनों का प्रयोग न करने की शपथ ली । छात्रों ने ओजोन संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

इस अवसर पर सीबीईओ खोखर ने ₹ग्रीन परेड₹ रैली को रवाना किया जो जवाहर स्कूल से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी होते हुए गोल प्याऊ तथा मुख्य बाजार से होते हुए पुनः जवाहर तक पहुंची । रैली के दौरान छात्रों ने ₹पेड़ लगाओ ओजोन बचाओ₹, ₹रेफ्रिजरेंट हटाओ ओजोन बचाओ₹ के नारे लगाते हुए लोगों को ओजोन परत संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इको क्लब वॉलिंटियर्स एवं प्रभारी डॉक्टर भंवर लाल गुगड़ ने सब्जी मंडी में फल विक्रेताओं एवं सब्जी विक्रेताओं को 221 कपड़े के थेले वितरित कर प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। ओजोन परत एवं पर्यावरण को बचाना है तो पेड़ों की ओर लौटना होगा कि थीम का पालन करते हुए इको क्लब वॉलिंटियर्स में प्रधानाचार्या मंजू चौधरी ,इको क्लब प्रभारी डॉक्टर भंवर लाल गुगड़ एवं पूर्व प्राचार्य रामनिवास साहू के सानिध्य में लव कुश वाटिका में 211 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी राजेश चौधरी, व्याख्याता हिम्मत सिंह, मीनाक्षी राठौड़ , मंजू कुमावत, राज गोठवाल,उमा सारस्वत सरोज शेखावत, संतोष देथा, पूनम मीणा, सोनू सोनी, एजाज खान, प्रशासनिक अधिकारी न नौरतन, देवेंद्र सोनी, पर्यावरण प्रेमी मनोज भारद्वाज, रामस्वरूप चौधरी ,दयाराम कलावत,सुरज्ञान चौधरी सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

» न्यूज-ब्रीफ

गायत्री शक्तिपीठ में वरिष्ठ शिक्षक सत्यप्रकाश शर्मा का सम्मान

कुचामनसिटी (सीमा सन्देश सं)। सीकर रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में राष्ट्रीय स्तर पर 'शिक्षक रत्न सम्मान 2025, प्राप्त करने पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उगरपुरा के वरिष्ठ शिक्षक, साहित्यकार एवं साधक सत्यप्रकाश शर्मा का भव्य सम्मान किया गया।गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भैरूलाल उपाध्याय ने बताया कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी सत्यप्रकाश शर्मा को शक्तिपीठ परिवार की ओर से तिलकार्चन कर दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भैरुलाल उपाध्याय, सुरेश बंसल, नन्दकिशोर अग्रवाल ,बलराम प्रधान, तारा अपूर्वा, संगीता चौरसिया एवं शक्तिपीठ परिव्राजक महेश चौरसिया सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

जिला विशेष शाखा प्रभारी जयकिशन सर्किल इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत

नागौर (सीमा सन्देश सं)। राजस्थान पुलिस विभाग द्वारा सब इंस्पेक्टर से सर्किल इंस्पेक्टर पद पर की गई। विभागीय पदोन्नति सूची में जिला विशेष शाखा प्रभारी जयकिशन का नाम भी शामिल हुआ है। जयपुर निवासी जयकिशन ने अब तक अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। जिला अलवर के फूलबाग, फैज थई, भिवाड़ी, अरावली विहार थानों सहित साइबलोन सेल स्पेशल टीम प्रभारी रहते हुए कई बड़े मुकदमों का सफलतापूर्वक खुलासा कर चुके हैं। साथ ही पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच में भी महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं। वर्तमान में वे नागौर जिले की विशेष शाखा में कार्यरत हैं। उनकी पदोन्नति पर कार्यक्षेत्र के लोगों, सहयोगियों और शुभचिंतकों ने विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। जयकिशन अपने सरल स्वभाव, अच्छे व्यवहार और तेजतर्रार पुलिस अधिकारी की छवि के कारण लोकप्रिय माने जाते हैं। उन्होंने इस सफलता को अपने स्वजनों को समर्पित किया है।

69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ

लोसल (सीमा सन्देश सं)। 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 आयु वर्ग 14 वर्ष छात्र/छात्रा के अन्तर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस व नेटबॉल खेलों का शेखावाटी पब्लिक सी.सै. स्कूल लोसल के प्रांगण में भव्य शुभारंभ हुआ। बैडमिंटन 14 वर्ष में 53 टीम, टेबल टेनिस में 29 टीम और नेटबॉल में 21 टीमों के साथ इस प्रतियोगिता में कुल 662 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बलबीर जी जाखड़ जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक) सीकर, सुरेन्द्र जी सीबीईओ दाँतारामगढ़ व सुरेश जी वर्मा एसीबीईओ दाँतारामगढ़ रहे। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। संस्था के चेयरमैन बी. एल. रणवां ने प्रतियोगिता में पधारे सभी गणमान्यजनों का आभार व्यक्त किया एवं सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

पावरग्रिड ने भारत सरकार को 574.35 करोड़ का भुगतान किया

गुरूग्राम (कासं)। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली में भारत सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 574.35 का भुगतान किया। इसके साथ, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पावरग्रिड द्वारा भारत सरकार को भुगतान किया गया कुल लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित) 4,297.40 करोड़ है। मनोहर लाल, केंद्रीय विद्युत मंत्री को यह चेक, आर. के. त्यागी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पावरग्रिड द्वारा पावरग्रिड के निदेशकों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। 31 अगस्त 2025 तक, पावरग्रिड द्वारा 286 सब स्टेशनों, 1,80,864 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों और 5,77,331 एमवीए ट्रांसमिशन क्षमता को कमीशन कर संचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग के साथ, पावरग्रिड 99.84% की औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

दीपपुरा में जल जीवन मिशन से लोगों को नहीं मिल रही राहत

कुचामन सिटी (सीमा सन्देश सं)। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अति महत्वपूर्ण जल-जीवन मिशन की शुरूआत की गई थी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब दूषित पानी से मुक्ति मिलेगी और पीने के लिए शुद्व पानी मिलेगा लेकिन भोले-भाले ग्रामीणों का यह सपना आज तक सपना ही बन कर रह गया है विभागीय उदासीनता के कारण लोगों के घर-घर पानी की नियमित व्यवस्था नहीं हो पाई है

सिर्फ दिखावे के लिए घरों के बाहर लगाए कनेक्शन : विभाग ने जल जीवन मिशन के नाम पर ग्रामीणों को इस कदर छलने का काम किया है कि उनके घरों के बाहर केवल दिखाने के लिए कनेक्शन लगाकर छोड़ दिया है ग्रामीणों के दरवाजे के बाहर लगे नल कनेक्शन

से शुद्ध पानी का इंतजार है

दीपपुरा पंचायत में जल जीवन मिशन की खुली पोल : नल कनेक्शन मिला पर पानी नहीं सूखी पड़ी हैं टोटीयां गांवों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना धरातल पर विफल साबित हो रही है नल कनेक्शन तो मिल गए लेकिन लोगों को पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हो रही है लोग पानी के लिए तरस रहे हैं सामाजिक कार्यकर्ता भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेशअध्यक्ष एवं विश्व जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष परसाराम बुगालिया से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हुआ है लेकिन कागजों पर पूर्ण दिखा दिया गया है ग्रामीणों के राशन कार्ड के आधार पर प्रत्येक राशन कार्ड धारक से 1200 सौ से लेकर 2000 हजार रुपये भी लिए लेकिन अभी तक कई घरों में कनेक्शन भी नहीं दिए हैं और जिस घरों में कनेक्शन दिए हैं उन में भी महीनों से नलों से पानी नहीं आ रहा है गांवों में जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना से पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है उन्होंने संबंधित विभाग पर लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत में जगह-जगह पानी के पॉइट का निर्माण हुआ था जो मात्र शो-पीस बनकर रह गये है वहीं ग्राम पंचायत में कई हैंडपंप मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए हैं कार्यदायी संस्था द्वारा ग्रामीणों से कनेक्शन के पैसे लेकर कई घरो मे नल कनेक्शन नही दिया गया है जो जांच का विषय है।

वर्मा की स्मृति में स्थापित आरओ शीतल जल मशीन का शुभारंभ

कुचामनसिटी (सीमा सन्देश सं)। लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट द्वारा रामानंद वर्मा की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी मुन्नी देवी वर्मा एवं पुत्र क्लब के निदेशक लॉयन चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से सीबीईओ कार्यालय में आरओ प्लांट सहित शीतल जल मशीन स्थापित करने का सेवा कार्य किया गया। इस नेक कार्य का शुभारंभ सीबीईओ भवरलाल, एसीबीईओ दिनेश सिंह सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा एवं क्लब अध्यक्ष लॉयन रेखा काबरा ने किया। लॉयन विष्णु मोयल, लियो क्लब अध्यक्ष लियो कुणाल शर्मा एवं उपाध्यक्ष लियो अविनाश जैन ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। सीबीईओ भवरलाल ने वर्मा परिवार एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट का साधुवाद व्यक्त किया। एसीबीईओ दिनेश सिंह ने कार्यालय के क्षतिग्रस्त कक्ष के बारे में क्लब सदस्यों को बताया। इस पर लॉयन राम काबरा आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस कक्ष का जीर्णोद्धार करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर कैंटीन इंचार्ज जबरसिंह, कुचामन डिफेंस एकेडमी के निदेशक बालूराम पौंड प्रशासनिक अधिकारी सूरजप्रकाश गौड़, भागीरथ बुरड़क, पूरणमल, नेमाराम, किशोरसिंह, सुरेश, नवनीत, नितेश, प्रहलाद सिंह, कमल, श्रीराम मौजूद रहे। लॉयन राम काबरा ने बताया कि लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं वर्मा परिवार का मुख्य उद्देश्य है कि नर सेवा को ही नारायण की सेवा मानते हुए नेक कार्य करना। इसी को देखते हुए यह सेवा कार्य किया गया ताकि यहां आने वाले लोगों को पीने के लिए शुद्व एवं शीतल जल की व्यवस्था मिल सके।

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना रहे कुचामन दौरे पर

◆ **निर्माणाधीन छात्रावास का किया निरीक्षण**

डीडवाना-कुचामन (सीमा सन्देश सं)। देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष (राज्य मंत्री) श्री ओमप्रकाश भडाणा सोमवार को कुचामन के दौरे पर रहे।

इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष श्री भडाणा ने कुचामन में निमार्णाधीन राजकीय देवनारायण आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपयोग में आ रही सामग्री की जांच की एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से जिलाधिकारी जयपाल सिंह को समय समय पर औचक निरीक्षण करने, कनिष्ठ अभियंता को निर्माण कार्य मे प्रयुक्त सामग्री / कार्य कि गुणवता जाँच और दैनिक निगरानी मे काम करवाने हेतु पाबंद किया । इस दौरान सहायक लेखा अधिकारी घनश्याम चौधरी विभागीय छात्रावास अधीक्षक केसाराम गुर्जर और महिपाल गावड़िया भी मौजूद रहे तथा इस दौरान राजेश गुर्जर, प्रधान प्रतिनिधि पंचायत समिति नावां, बजरंग लाल गुर्जर पूर्व सरपंच नारायणपुरा, राजाराम प्रजापत,और गुर्जर समाज के कई गणमान्य लोगो ने उनका स्वागत किया।

भामाशाहों द्वारा विद्यालय को 10 लेक्चर स्टैंड भेंट

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। पीएम श्री महात्मा गांधी शहीद कुलदीप सिंह राजकीय विद्यालय घरडाना खुर्द में मंगलवार को भामाशाह सूबेदार धर्मपाल सिंह राव द्वारा विद्यालय को 10 लेक्चर स्टैंड प्रदान किए गए। सूबेदार धर्मपाल सिंह राव का प्रधानाचार्य दीपचंद लाखवान एवं सरपंच उम्मेद सिंह राव द्वारा साफा पहनाकर सम्मान किया गया। घरड़ाना खुर्द ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राव व सरपंच उम्मेद सिंह विद्यालय के व्याख्याता जय सिंह जितेंद्र कुमार वीर सिंह ने सूबेदार धर्मपाल सिंह का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली - 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड ऋण(ों) को बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद समायोजित नहीं किया गया है। सभी ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार दोपहर 11..00 बजे उस शाखा परिसर में नीलामी की तारीख तय की गई है जहां से ऋण लिया गया था। नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार, ऋणधारकों, खाताधारकों और आमजन सहित समस्त लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी तिथि 26.09.2025 @ दोपहर 11.00

क्र.सं.	शाखा	खाता संख्या	खाता धारक का नाम
1	माजिवाड़ा थाने	103742514235	सुहैल । वरखवाला

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

नूवा गौशाला में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

लोसल (सीमा सन्देश सं)। निकटवर्ती ग्राम नूवा में संचालित श्रीकृष्ण गौशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन भक्ति, सेवा और उल्लास के अद्भुत संगम के साथ हुआ।

सुदामा चरित्र और व्यास पूजन : कथावाचक पथिकाचार्य कुलदीप शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रद्धालु कथा श्रवण कर भावविभोर हो उठे। समापन अवसर पर व्यास पूजन और कथा विश्राम संपन्न हुआ।

हवन-पूजन और प्रसादी : महायज्ञ एवं हवन-पूजन के साथ भक्तों ने आहुति डालकर समाज व गौ सेवा की मंगलकामना की। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

सहयोग और सेवा : गौ संवर्धन पर्यावरण संरक्षण समिति, सीकर के अध्यक्ष सेवानिवृत एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़ एवं सचिव ओमप्रकाश मीरा कुमावत ने बताया कि कथा का आयोजन पितृ पक्ष में गौरक्षार्थ किया गया। आज के भामाशाहों में भूराराम तुलछाराम रणवां ने एक लाख इक्यावन हजार, रामनिवास जांगिड एक लाख ग्यारह हजार, दोलाराम, सुखाराम एक लाख इगतिस हजार, देवाराम तेतरवाल एक लाख एक हजार, शेखावाटी एजुकेशनल ग्रुप के चैयरमैन बी एल रणवां लोसल इक्यावन हजार, घासीराम पूसाराम पन्ना राम तेतरवाल इक्यावन हजार रुपए, नरेंद्र जगदीश खोखर की तरफ से इक्यावन हजार तन-मन-धन से सहयोग कर कथा को सफल बनाया। लगभग भागवत कथा सप्ताह में कुल 30 लाख रुपए भामाशाहो द्वारा प्राप्त हुए। विशेष रूप से दानाराम बाजिया ने पूरे कार्यक्रम हेतु टेंट की निःशुल्क व्यवस्था कर सराहनीय योगदान दिया।

विशेष आकर्षण : समापन अवसर पर अंजी नूवा कॉमेडियन ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनों को खूब हंसाया और बताया कि उन्होंने नूवा गौशाला का प्रचार-प्रसार किया। साथ ही शेखावाटी की कई यूट्यूबर महिलाएं जिसमें केसर बुरड़क, संजू ढाका, बबीता चौधरी, निकिता, पूजा, लक्ष्मी समारोह में आईं, जिनका मंच पर दुपट्टा और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

आभार और संकल्प : समिति ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए गौ सेवा व पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।

यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड
UGRO CAPITAL
चौथा तल, टॉवर 3, इक्यूनोक्स बिजनेस पार्क, एलबीएस रोड, कुर्ला, मुंबई 400070

कब्जा सूचना परिशिष्ट-IV (देखें नियम 8 (1)) (अचल सम्पत्ति के लिए)

चूंकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय चौथी मंजिल, टॉवर 3, इक्यूनोक्स बिजनेस पार्क, एलबीएस रोड, कुर्ला, मुंबई** के प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम,2002(2002 के 54) के अधीन और इसकी धारा 13(2) के सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **एक डिमांड नोटिस जारी कर** नोटिस में उल्लेखित राशि को उक्त डिमांड नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए बुलाया था।

ऋणधारक द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋणधारक और आमजन को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 सहपठित उपधारा (4) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए को नीचे उल्लेखित सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।

ऋणधारकों को और जन सामान्य को सावचेत किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन उपरोक्त बकाया राशि के तहत यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के प्रभार का विषय होगा। ऋणधारकों को सावधान किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में सुरक्षित आस्तियों को मुक्त करवाने के लिए आमंत्रित हैं।

क्र. सं.	ऋणधारक का ब्यौरा	डिमांड नोटिस	नीलामी का ब्यौरा	निलामी तिथि
1.	1. नेशनल हैंड प्रोसेस 2. हसीना बानो 3. मैसर्स मोहम्मद यासिन हाजी अब्दुल रहमान 4. मोहम्मद यासिन ऋण खाता संख्याः HCFJAISEC00001029716	डिमांड नोटिस तिथि 11 अप्रैल 2025 के लिए रुपये 2,27,47,3570/- (रुपये दो करोड़ सत्ताईस लाख सैंतालीस हजार तीन सौ सत्तावन मात्र) 10 अप्रेल 25 के अनुसार	प्लॉट संख्या एफ-167, औद्योगिक क्षेत्र, मंडिया रोड, पाली की अचल सम्पत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से, क्षेत्र 2000 वर्ग मीटर। **बटेड और सीमाबद्ध** इस प्रकार **पूर्व में** प्लॉट संख्या एफ-166, 166-ए, **पश्चिम में** प्लॉट संख्या 167(ए), **उत्तर में** 24 मीटर सड़क, **दक्षिण में** प्लॉट संख्या एफ-180	16.09.2025

स्थान : राजस्थान
दिनांक : 17.09.2025
हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
कृते यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड

आयोजन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निदेशों की अनुपालना में होगा आयोजन

आमजन के लिए समस्या निस्तारण का आधार बनेंगे शहरी सेवा शिविर

डीडवाना-कुचामन (सीमा सन्देश सं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निदेशों की अनुपालना में 17 सितंबर से शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक आमजन को शिविरों से लाभान्वित करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए निर्देशित किया है।

जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने बताया कि 'शहरी सेवा शिविर-2025' (मुख्य शिविर) के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। समस्याओं को चिन्हित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 10 बजे से 5.00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेन्डिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेन्स, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन से संबंधित आदि कार्य किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि शहरी सेवा शिविर के तहत 17 सितंबर को नगर पालिका बोरावड में वार्ड नंबर 1और 2 के लिए, नगर परिषद डीडवाना के वार्ड नंबर 1 व 2,नगर पालिका खाटू खुर्द के वार्ड नंबर 1 से 5, नगर परिषद कुचामन के वार्ड नंबर 1,2,3 के लिए, नगर पालिका लाडनूं के वार्ड नंबर 1 व 2 के लिए, नगर परिषद मकराना के उपकोष कार्यालय में वार्ड नंबर 1,6,7 के लिए, नगर पालिका नावां के वार्ड नंबर 1 तथा नगर पालिका परबतसर में के वार्ड नंबर 1 में शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार से 18 सितंबर को बोरावड में वार्ड संख्या 3 में 4 के लिए, डीडवाना में वार्ड संख्या 3 व 4 के लिए, खाटू खुर्द में 1 से 5 के लिए, कुचामन में वार्ड संख्या 4 व 5 के लिए, लाडनूं में वार्ड संख्या 3 व 4 के लिए, मकराना में वार्ड संख्या 8,9,10 के लिए, नावां में वार्ड संख्या 2 तथा परबतसर में वार्ड संख्या 1 में शिविर आयोजित होगा।

जबकि 19 सितंबर को बोरावड़ के वार्ड संख्या 5,6 के लिए, नगर परिषद डीडवाना के वार्ड संख्या 5 व 6 के लिए, नगर पालिका खाटू खुर्द के वार्ड संख्या 1से 05 के लिए, नगर परिषद कुचामन के वार्ड संख्या 6,7,8 के लिए, नगर पालिका लाडनूं के वार्ड संख्या 5 व 6 के लिए, मकराना के वार्ड संख्या 2,3,4,5 के लिए, नावां के वार्ड संख्या 3 तथा परबतसर के वार्ड संख्या 3 के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।

एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.
कॉर्पोरेट ऑफ. : 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंस्पायर बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051
रजि. ऑफ. : कॉमरजोन आइट